प्रेस नोट 01- दिनांक 16.04.2024
थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

फेक फ्लिपकार्ट वेबसाइट के माध्यम से फ्रॉड की गई 15,999/- रू0 की संपूर्ण धनराशि कराई गई रिफण्ड

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फेक फ्लिपकार्ट वेबसाइट के माध्यम से फ्रॉड की गई 15,999 रू0 की संपूर्ण धनराशि थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा पीड़िता के खाते में रिफण्ड कराई गई।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 24.03.2024 को पीड़िता त्रिशिका यादव निवासी आदर्श नगर थाना कोतवाली सदर,जनपद-उन्नाव द्वारा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव में प्रार्थना पत्र दिया गया कि फेक फ्लिपकार्ट वेबसाइट के माध्यम से ओटीपी बताने के कारण के प्रार्थिनी के साथ 15999/- रू0 का फ्राड हो गया। जिस पर थाना कोतवाली उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 15,999/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता के खाते में रिफण्ड करायी गयी।

कार्यवाही करने वाली टीम-

1.अपराध निरीक्षक राजेश यादव
2.उ0नि0 प्रवीण पुंज
3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा



प्रेस नोट 02- दिनांक 16.04.2024
थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 15.04.2024 को उ0नि0 श्री राजेश कुमार दीक्षित मय हमराह फोर्स द्वारा जिला बदर अपराधी इखलाक पुत्र दानिश निवासी 197 जेरधुस थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव को कसाई चौराहे पर ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधारपर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0—0231/2024 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1.इखलाक पुत्र दानिश निवासी 197 जेरधुस थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

01.उ0नि0 राजेश कुमार दीक्षित थाना कोतवाली सदर उन्नाव।

02.का0 राजवीर सिंह

03.का0 शिवपूजन